आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 06.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा भारत को विकसित देश बनाना राष्ट्रीय लक्ष्य है।

2. विश्व मोटापा दिवस के अवसर पर खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व के लिए मोटापा एक बडी समस्या बनकर उभरी है।

3. जन औषधि केन्द्रों की संख्या पच्चीस हजार तक बढ़ाने की योजना।

4. मुख्य सचिव ने कार निकोंबार में ड्राइविंग स्कूल का वर्चुअल उद्घाटन किया।

<><><><><><><>

उप राज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी.के. जोशी ने दसवें अंतरराष्ट्रीय भूजल सम्मेलन में भाग लिया। इस वर्ष का विषय था ''भूजल विजन दो हजार पैंतालिस–बदलती जलवायु के तहत जल सुरक्षा की ओर'' । इस अवसर पर उप राज्यपाल ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में से अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह को पहला स्वच्छ सुजल प्रदेश होने की उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए द्वीपों में पानी की उपलब्धता के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वैज्ञानिकों से द्वीपसमूह में उपलब्ध विभिन्न जल स्रोतों पर शोध करने का आग्रह किया।

उधर उप राज्यपाल ने रूड़की में राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान की बियालिसवीं वार्षिक आम बैठक में भाग लिया। बैठक का उददेश्य जल संसाधनों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का आंकलन करने के लिए जल विज्ञान अनुसंधान तकनीकों और उपकरणों को बढ़ाने और गर्मियों के दौरान पानी से संबंधित समस्याओं के लिए प्रभावी समाधान उपलब्ध कराना था।

<><><><><><><>

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पहल की दसवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कार निकोबार के किन्युका गांव में समुद्र तट खेल उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले मुख्य अतिथि थे। किन्युका गांव की महिला प्रतिनिधि सम्माननीय अतिथि थीं। इस अवसर पर कार निकोबार के बाल विकास परियोजना अधिकारी ने अपने संबोधन में बालिकाओं को सशक्त बनाने के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विभिन्न पारम्परिक और आधुनिक खेलों का आयोजन किया गया। जिला उपायुक्त ने अपने संबोधन में लैंगिंग समानता और

सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में खेलों की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

<><><><><><><>

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अण्डमान निकोबार चेस एसोसिएशन द्वारा आठ मार्च को एक विशेष महिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता चेस एसोसिएशन केन्द्र डेयरी फार्म में आयोजित होगी। इस वर्ष का विषय समुदाय शक्ति और सशक्तिकरण रखा गया है, जो महिलाओं में आत्मविश्वास, एकजुटता और रणनीतिक कौशल को बढ़ावा देने पर केन्द्रित है। इस टूर्नामेंट का उददेश्य महिलाओं को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और शतरंज में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर सकें। प्रतियोगिता निशुल्क है। अटठारह वर्ष से अधिक उम्र की महिला खिलाड़ी इसमें भाग ले सकती हैं। प्रतिभागियों को आज शाम तक अपना पंजीकरण कराने को कहा गया है।

<><><><><><><>

भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबिक्स टीम बारह और तेरह मार्च को मरीना पार्क में हवाई करतब का आयोजन करेगा। यह आयोजन दोपहर बाद साढ़े तीन बजे शुरू होगा, जिसमें पायलटों द्वारा आसमान में लूप्स, रोल्स और शानदार फारमेशन बनाए जाएंगे। यह कार्यक्रम निःशुल्क है और सभी के लिए खुला रहेगा। लोगों से अपील की गई है कि वे क्षेत्र को स्वच्छ और कूड़ा मुक्त रखें, ताकि फ्लाइंग टीम का प्रदर्शन बिना किसी बाधा के हो सके।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा ''आसन्न जलवायु परिवर्तन के तहत पशु धन प्रजनन प्रबंधन'' पर प्रायोजित इक्कीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन स्कूल का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पशुधन प्रजनन में जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए देश भर से विशेषज्ञ और प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के उप महानिदेशक डॉक्टर आर.पी. अग्रवाल ने वर्चुअल मोड पर अपने संबोधन में प्रतिभागियों और आयोजकों को बधाई दी। डॉक्टर अग्रवाल ने पशुधन प्रबंधन में दक्षता को बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स जैसी प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के महत्व पर भी जोर दिया। क्यारी के निदेशक डॉक्टर ई.बी. चाकुरकर ने कार्यक्रम की सफल समापन की सराहना करते हुए प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। क्यारी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर पी. पेरूमल, डॉक्टर आर.आर. एलीथोड़ी और डॉक्टर जय सुंदर ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से बीस प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मातृ स्वास्थ्य और प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता सुधार को लेकर हाल ही में एनिम्स के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उदघाटन स्वास्थ्य निदेशक सुजा एंथोनी ने किया। इस अवसर पर आयुष के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कल्याण पी. कदभाने, डॉक्टर एच.एम. सिद्धा राजू सहित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं और उसके उपचार पर प्रकाश डाला। इस पहल का मुख्य उददेश्य स्वास्थ्य अधिकारियों की क्षमताओं में वृद्धि, गर्भवती महिलाओं की सही समय पर जांच और प्रसव पूर्व देखभाल को मजबूत करना था। इससे केन्द्रशासित प्रदेश में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। इस प्रशिक्षण में चौबीस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें डॉक्टर जीना रेडडी और डॉक्टर वंदना कुमारी सिंह ने मार्गदर्शन दिया।

<><><><><><><>

होली के अवसर पर कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से बारह मार्च को शाम छह बजे फाग गीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में इच्छुक प्रतिभागियों, स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन आठ मार्च तक विभाग के मेल पर या सुजीत कुमार राय से फोन संख्या नौ नौ तीन तीन दो चार एक छह सात आठ पर सम्पर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय द्वारा भूकम्प और सुनामी से निपटने के लिए बनावटी अभ्यास का आयोजन किया गया। कल आयोजित इस अभ्यास का उददेश्य आपदा की स्थिति में तैयारियों का मूल्यांकन करना था। अभ्यास कल सुबह ग्यारह बजे आरंभ हुआ, जिसमें सभी कर्मचारियों ने सुरक्षा निर्देशों का पालन किया। जिसका अवलोकन द्वीपसमूह के सांसद विष्णु पद रे ने भी किया। उन्होंने आपदा प्रबंधन में प्रशासन की तैयारियों की सराहना की। ड्रिल की समाप्ति के बाद डॉक्टर बी.आर. अम्बेडकर सभागार में सभी संबंधित विभागों ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान कमियों और सुधार के सुझावों पर चर्चा की गई। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और मजबूत बनाने के लिए नियमित अभ्यास जारी रहेगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित हिन्दी साहित्य कला परिषद की ओर से महाकवि गोस्वामी तुलसीदास के श्री रामचरित मानस पर आज से बारह मार्च तक व्याख्यान माला का आयोजन किया जाएगा। शाम साढ़े पांच से आठ बजे तक हिन्दी भवन में यह कार्यक्रम आयोजित होगा।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

उप राज्यपाल के दसवें अंतरराष्ट्रीय भूजल सम्मेलन और रूड़की में राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के बयालिसवीं वार्षिक आम बैठक में भाग लेने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। द्वीप समाचार ने भी इस खबर को प्रमुखता दी है। इसके अलावा अखबार ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सूर्य रथ को रवाना करने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। तीन दिवसीय साहित्य महोत्सव ''बियोंड द होराइजन – अण्डमान लिटफेस्ट'' आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रथम पृष्ठ के निचले भाग में प्रकाशित किया है। खुलेआम घूमने वाले आवारा पशुओं को आश्रय देने के लिए कैडलगंज में अपनी तरह की पहली गौशाला स्थापित करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने सचित्र प्रकाशित किया है। नौसेना प्रमुख के अण्डमान निकोबार कमान का दौरा करने के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है। कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से आईटीएफ मैदान में दस दिवसीय पुस्तक मेले के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल ने प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>